निवाई में बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ आज से

निवाई। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की वर्ष 2026 की सीनियर सेकेंडरी व सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से उपखंड क्षेत्र में शुरू होगी। परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने निवाई ब्लॉक में सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

इस बार निवाई ब्लॉक में कुल 21 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां लगभग 8 हजार 500 से अधिक परीक्षार्थी अपने भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने बताया कि शांतिपूर्ण व

■ निवाई ब्लॉक में 21 केंद्रों पर हजारों परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। निवाई मुख्य शहर में कुल 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

शहर के प्रमुख केंद्रों में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, इम्मानुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल निवाई व सरस्वती विद्या मंदिर शामिल हैं। इन केंद्रों पर फर्नीचर, पेयजल व रोशनी की व्यवस्था का अंतिम दे दिया गया है। परीक्षा की गोपनीयता व निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष उड़नदस्तों (सतर्कता दल) का गठन किया गया है, जो परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें।

परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के लिहाज से पुलिस जाब्ता भी तैनात रहेगा ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को रोका जा सके। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है। प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित होगा। साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच व किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

परीक्षा को लेकर दिनभर विद्यार्थी व अभिभावक अपने-अपने केंद्रों की स्थिति जानने के लिए विद्यालयों के चक्कर काटते नजर आए।

निवाई में बोर्ड परीक्षा केन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षाओं की व्यवस्थाएं की।

सरकार की उदासीनता को निंदनीय बताया

चौमूं/कालाडेरा। बुधवार को राजस्थान विधानसभा के बजट में चौमूं क्षेत्र के लिए कुछ सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन यह क्षेत्र की व्यापक और तत्काल आवश्यकताओं के मुकाबले नाकाफी हैं।

■ बजट में चौमूं क्षेत्र के लिए कुछ सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत

चौमूं विधायक डॉ शिखा मील बराला के अथक प्रयासों से स्वीकृत परियोजनाओं में -52 सीकर रोड से प्राचीन भोमिया जी महाराज मंदिर तक सीसी सड़क, मैन स्टैंड से मालेश्वर मंदिर तक सीसी सड़क तथा चौमूं में विभिन्न सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। विधायक डॉ शिखा मील बराला ने कहा कि इन प्रयासों के बावजूद बजट को ऊँट के मुँह में जीरा के समान बताया जा सकता है, क्योंकि क्षेत्र के बड़े और आवश्यक विकास कार्य अब भी लंबित हैं। चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अब और भी बड़ी योजनाओं की आवश्यकता है, जैसे चौमूं -रेनवाल रोड का चौड़ाईकरण और डिवाइडर युक्त निर्माण, चौमूं -चीथवाड़ी रोड का फोर लेन निर्माण और चौमूं -अजीतगढ़ रोड का फोर लेन निर्माण, वीर हनुमान जी रोप-वे शुरू करना एवं मंदिर परिसर में मोबाइल टावर लगाना एवं मंदिर का विकास कार्य, गोविन्दगढ़ में बस स्टैण्ड निर्माण, चौमूं बस स्टैंड का सौन्द्रीयकरण, चौमूं में सेंट्रल पार्क की तरह पर पार्क का निर्माण आदि। उन्होंने बताया कि बजट में बीसलपुरा योजना और ईआरसीपी में चौमूं का नाम शामिल नहीं किया गया है, जबकि अमृत 2.0 और जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएँ धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रही हैं। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि हमारे अथक प्रयासों से क्षेत्र में विकास के कई छोटे- बड़े कार्य आगे बढे हैं, लेकिन अभी भी चौमूंवासियों की बुनियादी जरूरतों जैसे पीने के पानी और सड़क, स्वास्थ्य व अन्य बुनियादी सुविधाओं के मामले में गंभीर सुधार की आवश्यकता है। गर्मियों के मौसम में इन समस्याओं की तीव्रता और बढ़ जाती है। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने स्पष्ट किया कि चौमूं के उचित और संतुलित विकास के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे और क्षेत्रवासियों की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता देने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से चौमूंवासियों की आवाज़ सुनने और उनका हकदार विकास सुनिश्चित करने की अपील भी की।

बजट में भरतपुर को मिली अनेकों सौगात

भरतपुर (निस)। राजस्थान विधानसभा में दिया कुमारी ने राज्य बजट 2026-27 पेश किया। भजनलाल सरकार का यह तीसरा बजट है जिसमें युवा, महिला, किसानों और बुनियादी ढांचे को लेकर बडी घोषणाएं की गई हैं।

बजट की घोषणा के तुरन्त बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भरतपुर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में अनेकों कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार का यह बजट महिला सशक्तिकरण को बढावा देने वाला है। जिसमें लखपति दीदी योजना, महिला स्वयं सहायता समूह, बैंक सखी, किशोरियों के लिए पोषण और एआई आधारित मेंटल हेल्थ सेवाओं से महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है।

पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी ने कहा कि यह बजट पंच गौरव योजना पर आधारित है जिसके अन्तर्गत आधारभूत संरचना, पर्यटन उन्नयन, सांस्कृतिक संरक्षण, स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिग तथा नवाचार आधारित परियोजनाओं के लिए 150 करोड रूपये व्यय किए जायेंगें। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को मुफ्त बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। सरकार की इस पहल से किसानों की लागत घटेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराकर छोटे और सीमान्त किसानों को विशेष राहत दी गई है। जिला कोषाध्यक्ष सीए हेमन्त अठावाल ने बताया कि राजस्थान बजट विकास, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार सृजन और निवेश संवर्धन की स्पष्ट दिशा तय करता है।

यह बजट डिजीटल राजस्थान, सशक्त किसान, महिला सशक्तिकरण और युवा केन्द्रित विकास के मजबूत स्तम्भों पर आधारित है। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने कहा कि राज्य बजट राजस्थान के युवाओं को समर्पित है। जिसमें 1 लाख युवाओं को स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत 10 लाख रूपये तक का अनुदान दिये जाने का प्रावधान रखा गया है।

इससे सरकार की यह मंशा स्पष्ट होती है कि युवा नौकरी लेने वाला नहीं नौकरी देने वाला होना चाहिए। इनके अतिरिक्त भरतपुर-डीग क्षेत्र में एयरपोर्ट एवं 100 करोड की लागत से बृज कन्वेंशन सेन्टर की घोषणा की गई है। जिससे भरतपुर में पर्यटन के क्षेत्र को बढावा मिलेगा। भरतपुर के डेनेज सिस्टम को मजबूती प्रदान करने के लिए घोषणा की गई है।

बजट में आमजन, गरीब, मजदूर हित के लिए कई घोषणाएं'

पावटा। राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा बुधवार को विधानसभा में वर्ष 2026-27 के पेश किए गए बजट को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनकड़ ने इसे विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है। बजट को ऐतिहासिक बताते हुए धनकड़ ने कहा कि इसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसमें आम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, महिला, किसान, विद्यार्थी के हित के लिए एवं हर वर्ग के लिए कल्याणकारी और विकासोन्मुखी, आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने वाला एक सकारात्मक बजट बताया, जो केंद्र सरकार के साथ मिलकर विकास को गति देगा। धनकड़ ने कहा कि यह बजट सर्व सुखाय, सर्व हिताय" और राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने वाला रोडमैप है। बजट में बुनियादी ढांचे, सड़क विकास, युवा, किसान, महिला सशक्तीकरण और रोजगार बढ़ाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट को विकसित राजस्थान के संकल्प को सुदृढ़ करता 2026-27 का यह आम बजट राजस्थान के विकास की नई परिभाषा गढ़ेगा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा एवं विराटनगर तहसील के एनिकटों का जीर्णोद्धार के कार्य हेतु 07 करोड़ रुपये, भाबरू एन.एच.-48 से लुहाकना कलां सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 8.70 करोड़ रुपये, नवीन 33/11 केवी ठिाड सब स्टेशन ( ) लाडाकाबास स्वीकृत करने पर विधायक धनकड़ ने प्रदेश मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

■ बजट में युवाओं और कर्मचारियों की अपेक्षाओं को नजर अंदाज किया : इंद्राज गुर्जर

संत समाज ने अपने आशीर्वचन में सामाजिक एकता का संदेश दिया

पावटा। उपखंड क्षेत्र पावटा के प्रागपुरा कस्बे में कलश यात्रा के साथ विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन श्री श्री 1008 मणिदासजी महाराज महंत नृसिंह मंदिर प्राणपुरा के मुख्य आतिथ्य व पंडित सोहनलाल शर्मा की अध्यक्षता एवं अमित गरिडा के सानिध्य व हरिदास महाराज बनजोडी धाम, परशुराम दास महाराज गढ़ी धाम प्रागपुरा एवं रघुवर दास महाराज के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर प्रांत के प्रांत गौ सेवा प्रमुख (प्रचारक) मोहन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नृसिंह मंदिर से मंगल कलश यात्रा के साथ हुई, जो मुख्य बाजार होते हुए सुभाष चौक पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई तथा आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। सम्मेलन का शुभारंभ वंदे मातरम और भारत माता के जयघोष के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती कर किया गया। इस दौरान हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र वशिष्ठ ने इतिहास गा रहा है गीत प्रस्तुत किया। मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए सरोज सादन और अर्पणा अठावाल ने काव्य पाठ कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया। मुख्य वक्ता मोहन सिंह ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन के पांच विषयों-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक दायित्व, पर्यावरण संरक्षण और स्व बोध-पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। संत समाज ने भी अपने आशीर्वचन में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने पर जोर दिया।

प्रागपुरा में कलश यात्रा के साथ विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम बनवारी लाल यादव पुत्र श्री पांचू राम गलत अंकित हो गया है। जबकि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम बनवारी लाल यादव पुत्र श्री सूजा राम यादव (Banwari Lal Yadav S/o Shri Suja Ram Yadav) है। जो सही है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मै आर्मी नं. 13832741M सिपाही तोलाराम पुत्र केसर देव शर्मा मैंने अपना नाम तोलाराम शर्मा से बदलकर तोलाराम रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता-24-ए दीप नगर बिनजारी मार्ग निवारू रोड झोटवाडा जयपुर (राज.)

मैं सविता के पी पत्नी सेना नं. 15210482K नाम प्रसन्ना के निवासी नं. 62 वार्ड नं. 3, मत्तीहल्ली कैम्प, बेत्रीहल्ली, विजयानगर कर्नाटक 583127 मेरे पति के सेवा अभिलेख में मेरा नाम सविता के बी है जबकि सही नाम सविता के पी है।

मैं सिद्धलिंगप्पा के केनछपरा पिता सेना नं. 15210482K नाम प्रसन्ना के निवासी नं. 62 वार्ड नं. 3, मत्तीहल्ली कैम्प, बेत्रीहल्ली, विजयानगर कर्नाटक 583127 मेरे पुत्र के सेवा अभिलेख में मेरा नाम सिद्धालिंगप्पा है जबकि सही नाम सिद्धालिंगप्पा के केनछपरा है और मेरे पुत्र के सेवा अभिलेख में मेरी जन्म तिथि 01.07.1954 है जबकि सही जन्मतिथि 25.08.1950 है।

I hereby declare that I have changed my name from Sushant Madhogaria to Sushant Agrawal. Henceforth, I should be known and identified by the name Sushant Agrawal for all purposes. Address: 4 BHA 15, Jawahar Nagar, Jaipur.

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम : गोयल

कोटपूतली। राजस्थान विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वित्त मंत्री के रूप में डिप्टी सीएम दिया कुमारी द्वारा बुधवार को प्रस्तुत किये भजन लाल सरकार के तृतीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये भाजपा नेता मुकेष गोयल ने कहा कि यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है।

NAME CHANGE

I Hemraj Sharma Son Of Shimbhu Dayal Sharma My Army No. 6949710H Rank NK/DVR 18 ROU c/o 56-APO of Village Duhar Chogan Teh. Thanagazi Distt Alwar State Rajasthan. I have Changed my mother name Gandi Devi to Gendi Devi to all future will be known as Gendi Devi.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:9466 जाहिर आम-सूचना दिनांक:01.01.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 32/07 (HIG), (एरिया 236.25 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री शशी प्रभा गुप्ता पुत्र श्री ललित कुमार गुप्ता को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1622 दिनांक 21.12.1991 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 5303 दिनांक 25.01.1993 को जारी किया गया। डॉ. सुनिता बाखरू पत्नी श्री प्रकाश बाखरू के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 163 दिनांक 29.12.1994 के द्वारा किया गया। डॉ. सुनिता बाखरू के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.12.1994 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। डॉ. सुनिता बाखरू द्वारा उक्त आवास को दिनांक 11.02.2005 के द्वारा श्री संदीप कुमार टॉक पुत्र श्री बद्री नारायण टॉक को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री संदीप कुमार टॉक द्वारा उक्त आवास को दिनांक 12.05.2022 के द्वारा श्री मुबारक हुसैन पुत्र श्री अलताफ हुसैन को विक्रय कर उप पंजीयक-जयपुर-सप्तम, के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री मुबारक हुसैन पुत्र श्री अलताफ हुसैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री मुबारक हुसैन पुत्र श्री अलताफ हुसैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर
आवश्यक सूचना

आवास संख्या 1/42, एल.ई.बी.82 योजना, अलवर जो कि मूलतः श्री जवाहर लाल शर्मा पुत्र श्री एम.पी. शर्मा को आवंटन पत्रांक 9201 दिनांक 01.12.1983 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवास का अंदेश प्रमाणपत्र क्रमांक 658 दिनांक 27.05.2003 को श्री जवाहर लाल शर्मा के नाम जारी कर दिया गया। श्री जवाहर लाल शर्मा द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 16.05.2013 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री जवाहर लाल शर्मा की धर्मपत्नि श्रीमती लक्ष्मी शर्मा की मृत्यु दिनांक 06.01.2006 को एवं श्री जवाहर लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 13.08.2022 को हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी पुत्र द्वारा प्रस्तुत पंजीकृत रिलीजडीड (हकत्याग पत्र) दिनांक 04.01.2024 एवं आवश्यक दस्तावेज के आधार पर मण्डल के कार्यालय आदेश पत्रांक 1125/57 दिनांक 08.04.2024 के द्वारा आवास का नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण श्री राहुल शर्मा पुत्र स्व. श्री जवाहर लाल के पक्ष में जारी कर दिया गया। श्री राहुल शर्मा द्वारा उक्त आवास का बेचान जर्ये पंजीकृत बयनामा दिनांक 22.12.2025 को श्री चन्द्रशेखर शर्मा पुत्र स्व. श्री शिव दत्त शर्मा को कर दिया गया। श्री चन्द्रशेखर शर्मा द्वारा द्वारा उक्त आवास का मण्डल नियमानुसार लीज हस्तांतरण किये जाने हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 1/42, एल.ई.बी. 182 योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री चन्द्रशेखर शर्मा पुत्र स्व. श्री शिव दत्त शर्मा के पक्ष में आवास के लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

आम सुचना सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि कृषि भूमि खसरा नम्बर 579 रकबा 4 बीघा 18 बिस्वा, खसरा नम्बर 716 रकबा 2 बिस्वा खसरा नम्बर 717 रकबा 9 बीघा 13 बिस्वा, खसरा नम्बर 718 रकबा 6 बीघा 19 बिस्वा इस प्रकार कुल रकबा 21 बीघा 18 बिस्वा मे 1/3 हिस्सा एवं खसरा नम्बर 580 रकबा 15 बीघा 18 बिस्वा मे 3/10 हिस्सा की दो बीघा बारह बिस्वा भूमि दिनांक 29.10.2002 को या अन्य किसी दिन बैचने का इकरार चेतराम पचार पुत्र मुखराम एवं रणजीत सिंह साहरन पुत्र रतीराम से या अन्य किसी से बैचने का इकरार नही किया। फर्जी इकरारनामा 29.10.2002 की सत्य प्रति प्राप्त होने पर एफ.आई.आर दर्ज कराई जायेगी। कोई भी फर्जी इकरारनामा पर विश्वास नही करे। अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा।

जयपुर (फराज हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-11/2/2026 मो.नं:-9929797865

नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह
(Civil Procedure Code AppendiX 'H' Form No. 4)
अज किराया अधिकरण, पाली (राज.)
अर्जीदार :- ईश्वरचन्द
बनाम
प्रत्यर्थीगण :- विशनदास व अन्य
प्रकरण संख्या :- 27/2024
बाबत् - याचिका अन्तर्गत धारा 9 (क) (झ) राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001
बनाम
विशनदास पुत्र श्री प्रेमचन्दजी, जाति सिन्धी, पता: झेलम अपार्टमेन्ट, ब्लॉक नं. एच/19, द्वारकापुरी सर्किल के पास, प्रताप नगर, सांगानेर, पोस्ट:- जयपुर (राज.) 302 033

क्योंकि अर्जीदार ने इस न्यायालय में याचिका अन्तर्गत धारा 9 (क) (झ) राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 की दरख्वास्त पेश की है, जिसकी नकल अर्जीदावा मय दस्तावेज एवं शपथ-पत्र साथ संलग्न है।

लिहाजा आपको इत्तला दी जाती हैं कि तारीख 30 माह 03 सन् 26 बरोज 10.00 AM वार ..... बजे दिन को अदालत हाजा में असालतन या अदालतन हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह जाहिर करो. वरना दरख्वास्त मजकूर एक तरफा सुना व फैसला की जावेगी।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत आज तारीख 03 माह 02 सन् 2026 जारी किया।

मुहर
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पाली (राज.)

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:9814 जाहिर आम-सूचना दिनांक:19.01.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 35/84 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रामबाबू शर्मा पुत्र स्व. श्री सत्यदेव शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1080 दिनांक 28.06.2006 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 2235 दिनांक 19.03.2010 को जारी किया गया। श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल शर्मा एवं श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2007/749 दिनांक 28.04.2010 के द्वारा किया गया। श्री ओम प्रकाश शर्मा एवं श्रीमती रेखा शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.05.2010 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री ओम प्रकाश शर्मा एवं श्रीमती रेखा शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 08.06.2011 के द्वारा श्री मुबारक हुसैन पुत्र श्री अल्ताफ हुसैन को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री मुबारक हुसैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 18.12.2025 के द्वारा सुश्री अनिशा बानों पुत्री श्री अल्ताफ हुसैन को उपहार कर उप पंजीयक-अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां उपहार पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती सुश्री अनिशा बानों पुत्री श्री अल्ताफ हुसैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तानारण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, सुश्री अनिशा बानों पुत्री श्री अल्ताफ हुसैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar – Bharatpur (Rajasthan)-321406

No. :- F.( )/COAB/Store/2026/938 Date :- 09/02/2026

NOTICE INVITING BID

Bid for open tender regarding Laboratory & Other items tender are invited from interested bidders upto 11.00 AM, 17.02.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://sppp.raj.nic.in** & of the state; **www.sknau.ac.in** University website.

NIB code SKN2526A0416 and UBN is SKN2526GSOB00451

Raj.Samwad/C/25/19619 DEAN

OFFICE OF DISTRICT PROJECT MANAGER, RGAVP, KARAULI (RAJ)

Sr. no.-8811 Date:- 07.02.2026

Notice inviting E-Tender

E Tender for Hiring of Event management agency/ Individual/firm for Rajsakhi karauli Fair 2026 are invited from interested bidders up to 12.00 PM of 13.02.2026 Other particulars of the tender may be visited of procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.govi.in and Departmental websiste http://www.rajeevika.rajasthan.gov.in

UBN. RGA2526SLOB00363

DPM

राजस्थान सरकार
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, करौली

क्रमांक:-एफ.( )/निविदा./2026/2097 दिनांक:-11.02.2026

खुली निविदा सूचना संख्या-01/2025-26

स्थानीय कार्यालय की ओर से पंच गौरव कार्यक्रम के अन्तर्गत करौली, धौलपुर सेण्ड स्टोन से निर्मित मोमेन्टो की आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोली दाता/संवेदकों/विर्निमाताओं (अनुमानित लागत 4.50 लाख) से खुली बोली दिनांक 18.02.2026 समय प्रातः 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण स्थानीय कार्यालय एवं वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB No. DSI2526A0065
UBN No. DSI2526GSOB00083

महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र करौली

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(चौगान स्टेडियम, गणगौरी बाजार, जयपुर)

क्रमांक :- जसअ/2025/490 दिनांक: 09.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 163 से 174/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA",A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता हवामहल-आमेर जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम, जयपुर की वेबसाईट **www.jaipurmc.org** एवं व राजस्थान सरकार के पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाओं को **(sppp.rajasthan.gov.in)** पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।

JMC2526WSOB02747 to JMC2526WSOB02758

अधिशाषी अभियन्ता हवामहल-आमेर जोन नगर निगम, जयपुर

राज.संवाद/सी/25/19540

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : F-JDA/Zone 12/2026/D-151 **आम सूचना**

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 224900 दिनांक 29/05/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	PUSHPA DEVI BAGLA W/o PRABHU DAYAL BAGLA	श्रीमती पुष्पा देवी बाघला पत्नि श्री प्रभुदयाल बाघला	122	216.66 SQ. YARD	Cooperative	Ganesh Nagar-9 Extension Sector/ Block	Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta)	सोसाईटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद, विकास समिति द्वारा जारी एन.ओ.सी., सोसाईटी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, मौका फोटो इत्यादि के आधार पर।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी

उपायुक्त जोन-12, जविप्रा, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1442 चूंकि प्रार्थी श्री GOPAL LAL SHARMA, D 30 HARI NAGAR NEAR JALSU HOUSE SHASTRI NAGAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री खाण्डल विप्र सेवा संस्थान ट्रस्ट J3A, JHALANA INSTITUTIONAL AREA PARYAVARAN MARG JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 16.04.2026

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त देव